पत्रांक-भवन/बजट-65-योजना(विधि विभाग)-06/2019-20. . . 5598 (भ)

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग।

सेवा में,

**महालेखाकार (ले एवं हक), बिहार**,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना,दिनांक:- 18/6/26

विषय:- विधि विभाग से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु वर्त्तमान **वित्तीय वर्ष 2026-27** में केंद्रांश एवं राज्यांश मद में कुल ₹ **2,46,62,200/- (दो करोड़ छियालीस लाख बासठ हजार दो सौ रूपये)** मात्र के व्यय की स्वीकृति।

आदेश:- स्वीकृत ।

बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना द्वारा उनके पत्रांक-1871 दिनांक-14.05.2026 के माध्यम से समर्पित अधियाचना के आलोक में विधि विभाग की निम्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु केंद्रांश एवं राज्यांश मद मे कुल ₹ **2,46,62,200/- (दो करोड़ छियालीस लाख बासठ हजार दो सौ रूपये)** मात्र के व्यय की स्वीकृति **वित्तीय वर्ष 2026-27** में प्रदान की जाती है :-

| क्र. सं. | योजना का नाम | प्रशासनिक स्वीकृति का प्रसंग | स्वीकृत राशि | | व्यय हेतु स्वीकृत कुल राशि (केंद्रांश+ राज्यांश) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | (केन्द्रांश 60%) | (राज्यांश 40%) | |
| 01 | सुपौल न्यायमंडल अन्तर्गत अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय, निर्मली में 15 कोर्ट भवन (जी+4), 180 कैदी हाजत भवन (जी+1) एवं एमिनिटी भवन (जी+4) का निर्माण कार्य | 3834/ 19.06.24 | 8305270 (तिरासी लाख पॉच हजार दो सौ सत्तर रूपये) | 5536846 (पचपन लाख छत्तीस हजार आठ सौ छियालीस रूपये) | 13842116 (एक करोड़ अड़तीस लाख ब्यालीस हजार एक सौ सोलह रूपये) |
| 02 | पटना व्यवहार नयायालय परिसर से सटा बार एसोसियेशन भवन (जी+3) का निर्माण कार्य | 5277/ 08.06.22 | 5933211 (उनसठ लाख तैंतीस हजार दो सौ ग्यारह रूपये) | 3955474 (उनचालीस लाख पचपन हजार चार सौ चौहत्तर रूपये) | 9888685 (अंठानवे लाख अठासी हजार छः सौ पचासी रूपये) |
| 03 | अनुमंडलीय व्यवहार नयायालय, बगहा (प० चंपारण) में 15 कोर्ट बिल्डिंग (जी+5), एमिनिटी बिल्डिंग (जी+2) एवं 180 कैदी हाजत भवन का निर्माण कार्य | 570/ 12.08.16 | 558839 (पॉच लाख अंठावन हजार आठ सौ उनचालीस रूपये) | 372560 (तीन लाख बहत्तर हजार पॉच सौ साठ रूपये) | 931399 (नौ लाख इकतीस हजार तीन सौ निन्यानवे रूपये) |
| | कुल राशि | | 14797320 | 9864880 | 24662200 |

**(दो करोड़ छियालीस लाख बासठ हजार दो सौ रूपये)**

2 उक्त कार्य पर राशि का व्यय मांग संख्या-03 के मुख्यशीर्ष-4059-लोक निर्माण कार्य पर पूँजीगत परिव्यय ,उप मुख्यशीर्ष-80-सामान्य, लधुशीर्ष-051-निर्माण, उपशीर्ष-0220-ग्राम न्यायालयों सहित न्यायपालिका हेतु अवसंरचना सुविधाओं का विकास, **विपत्र कोड-03-4059800510220** के विषयशीर्ष-53-मुख्य कार्य-0220.53.01-मुख्य निर्माण कार्य अन्तर्गत वर्त्तमान **वित्तीय वर्ष 2026-27** में किया जायेगा ।

3 इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संयुक्त सचिव-सह-निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना होंगे ।

4 इस राशि की निकासी निर्माण भवन कोषागार, विश्वेश्वरैया भवन, नेहरू पथ, पटना से की जायेगी ।

5 प्रस्ताव में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

6 स्वीकृत राशि के विरूद्ध आवंटन की कार्रवाई CFMS 2.0 के SNA SPARSH Module के माध्यम से किया जायेगा ।

(राजेश कुमार सिंह) 18/6/26
सरकार के अपर सचिव।